# Activities: Red Ribbon Club 2020-21

**One day workshop on Drug De addiction on 10.02.2021**


दैनिक सवेरा टाइम्स
अंबाला, वीरवार, 11 फरवरी 2021

## इंदिरा गांधी नैशनल कॉलेज में किया एक दिवसीय नशा मुक्ति संगोष्ठी का अयोजन

**विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने व खुद को नशे से दूर रखने की शपथ ली**

लाडवा, 10 फरवरी (नरेश गर्ग) : लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कॉलेज में युवा रैड क्रॉस, रेड रिबन क्लब और एनएसएस शाखा द्वारा रैड क्रॉस सोसायटी, जिला कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कालेज के प्राचार्य डा. हरिप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। युवा रैड क्रॉस संयोजक डा. यशपाल सिंह ने मुख्य वक्ता राजेन्द्र सैनी रैडक्रॉस फील्ड समन्वयक और रमेश चौधरी, सहायक सचिव, जिला रैड क्रॉस, कुरुक्षेत्र का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। डा. यशपाल ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप है। नशे की शुरूआत मित्रों के साथ जश्न से होती है। धीरे-धीरे इंसान नशे के जाल में फंसता चला जाता है और इस जंजाल से निकल नहीं पाता। नशें मे पड़ा हुआ व्यक्ति अपने जीवन के सारे लक्ष्य और जिम्मेवारियों को भूल जाता है तथा एक नशेड़ी का जीवन जीने लगता है। संयोजक ने कहा कि इस संगोष्ठी से स्वयं को जागरूक कर दूसरों आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। मुख्यवक्ता राजेन्द्र सैनी ने कहा कि नशे का सेवन करने से व्यक्ति को शारीरिक नुक्सान के साथ साथ आर्थिक व सामाजिक नुकसान भी होता है। नशे के कारण ही व्यक्ति अपने सगे-संबंधियों, मित्रों, व समाज से दूर हो जाता है।

उन्होंने कहा कि अगर आपके आस-पड़ोस में कोई नशे की लत मे पड़ा हुआ है तो आप उसे पुनर्वास केन्द्र में भेज सकते है। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन कर ड्राईविंग करना अपने और दूसरो के लिए बहुत खतरनाक है। सहायक सचिव रमेश चौधरी ने कहा कि युवाओं को नशीलें पदार्थों का विरोध कर एक आदर्श नागरिक बनना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के समझाने के लिए कई उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने तथा स्वयं को नषे से दूर रखने की शपथ दिलवाई। वहीं कालेज के प्राचार्य डा. हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण युवाओं के बिना संभव नही है। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही मानव जीवन का आधार है। संघर्ष से व्यक्ति कुंदन की तरह शुद्ध और पवित्र बन जाता है। कुछ लोग अपनी खुषी को बांटने, खेल आदि क्षेत्रों में जीत प्राप्त करने और असफलता को छुपाने के लिए नषे का सहारा लेते है, जो बाद में बहुत हानिकारक साबित होता है। उन्होंने कहा कि देश सेवा का मतलब फौज या पुलिस में भर्ती होना ही नही होता अपितु नषीलें पदार्थों के सेवन से स्वयं और दूसरों को बचाना भी है। इस संगोष्ठी से 70 विद्यार्थी जागरूक हुए। इस अवसर पर डा. राजेश कुमार, प्रो. हरनीत कौर, डा. वंदना गुप्ता, डा. सुमन सिवाँच, डा. अमित कुमार वषिष्ठ, प्रो. प्रियंका, प्रो. राजबीर, नरेष पाल, रूपचंद और आशा मौजूद थे।



लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कॉलेज में जागरूकता की शपथ लेते अतिथि, कालेज सदस्य व विद्यार्थी। (डिम्पी)

अमर उजाला
करनाल | वीरवार, 11 फरवरी 2021

# छात्रों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

## आईजीएन कॉलेज में एक दिवसीय नशामुक्ति संगोष्ठी का किया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

लाडवा। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में युवा रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब व एनएसएस शाखा और रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में नशामुक्ति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने की।

युवा रेड क्रॉस संयोजक डॉ. यशपाल सिंह ने कहा कि नशा एक अभिशाप है। नशे की शुरूआत मित्रों के साथ जश्न से होती है तथा बाद में इंसान नशे के जाल में फंसता चला जाता है। इस संगोष्ठी से स्वयं जागरूक होकर अन्य लोगों को भी जागरूक करें।



आईजीएन कॉलेज में युवाओं को संबोधित करते युवा रेडक्रॉस संयोजक डॉ. यशपाल सिंह। -संवाद

रेड क्रॉस सहायक सचिव रमेश चौधरी ने कहा कि युवाओं को नशीले पदार्थों का विरोध करके आदर्श नागरिक बनना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने तथा स्वयं को नशे से दूर रखने की शपथ दिलवाई।

मुख्य वक्ता राजेंद्र सैनी ने कहा कि नशे का सेवन करने से शारीरिक नुकसान के साथ आर्थिक व सामाजिक नुकसान भी होता है। नशे के कारण ही व्यक्ति अपने सगे-संबंधियों, मित्रों व समाज से दूर हो जाता है। प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण युवाओं के बिना संभव नही है।

संघर्ष ही मानव जीवन का आधार है। फौज या पुलिस में भर्ती होकर ही नहीं बल्कि हम दूसरों को नशे से दूर रखकर भी देश सेवा कर सकते है। संगोष्ठी में 70 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ. यशपाल सिंह, डॉ. मोहन लाल, डॉ. राजेश कुमार, प्रो. हरनीत कौर, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. सुमन सिवॉच, डॉ. अमित कुमार वशिष्ठ, प्रो. प्रियंका, प्रो. राजबीर, नरेश पाल, रूपचंद, आशा सहित छात्र मौजूद रहे।

**Online Slogan Writing and Poster Making Competition on the occasion of No Tobacco Day on 31.5.2021**

# 'नारा लेखन एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में गुंजन व खुशजीत कौर प्रथम'

लाडवा, 5 जून (शैलेंद्र) : विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज में नारा लेखन एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कोरोना महामारी के चलते यह प्रतियोगिताएं ऑनलाइन आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग, रैड रिबन क्लब व स्वामी विवेकानंद युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कालेज की तरफ से 31 मई 2021 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को 3 दिन का समय दिया गया था। नारा लेखन लिखने और पोस्टर बनाने के लिए।

कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के जागरूकता अभियानों का वाहक बताते हुए तंबाकू और इस जैसे अन्य नशों से खुद को बचाने और अन्य को भी बचाने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डा. हरिप्रकाश शर्मा ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं के द्वारा बहुत ही प्रभावशाली तरीके से अपने मनोभावों को प्रकट किया, जिससे समाज में तम्बाकू निषेध के प्रति जागरूकता पैदा हो और लोग इससे होने वाली बीमारियों से बच सके।



नशे पर प्रतियोगिता में एक छात्र द्वारा भेजी गई प्रवेष्टि। (शैलेंद्र)

पंजाब केसरी (6.5.21)

नारा लेखन में प्रथम स्थान गुंजन बी.ए. तृतीय वर्ष श्री एल.एन.हिंदू कालेज रोहतक, द्वितीय मुस्कान बी.ए. प्रथम आई. जी.एन. कालेज लाडवा, तृतीय रीना बी.ए. द्वितीय डी.ए.वी. कालेज करनाल रही। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में खुशजीत कौर बी.ए. तृतीय वर्ष आई.जी.एन. कालेज लाडवा, द्वितीय मवीश बी.ए. द्वितीय वर्ष चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी व तृतीय स्थान काजल बी.ए. प्रथम वर्ष गवर्नमैंट कालेज रायपुर रानी को मिला। इस प्रतियोगिता के दोनों आयोजकों डा. मोहन लाल व डा. कुलदीप सिंह ने सभी विजेताओं के प्रयासों की सराहना की और आगे बढ़ने को प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।


**Blood Donation camp organised on 24.01.2021**

अजीत समाचार चंडीगढ़ 25 जनवरी, 2021 हरियाणा

# इन्दिरा गांधी नेशनल कालेज में स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर

## मुख्यातिथि प्रो. सोमनाथ सचदेवा कुलपति और महाविद्यालय प्रबंधक समित प्रधान पवन गर्ग ने हवन में पूर्णाहूति डाली

लाडवा, 24 जनवरी (चट्ठा) : इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज लाडवा में रविवार को 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर युवा रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में 23वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में हवन और भण्डारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रो.सोमनाथ सचदेवा, कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर रक्तदाताओं को पुरस्कृत किया। कालेज के स्थापना सप्ताह पर कॉलेज में 5 हजार वृक्ष लगवाए गए। मुख्यातिथि ने हार श्रृंगार परिजात का वृक्ष लगाया। इस मौके पर कुलपति व अन्य ने कालेज के संस्थापक स्व. ओम प्रकाश गर्ग की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर प्रबंधकसमिति के प्रधान पवन गर्ग व अन्य प्रबंधक समिति के गणमान्य सदस्यों और प्राचार्य ने मुख्यातिथि प्रो. सोमनाथ सचदेवा का प्रथम बार कॉलेज प्रांगण में पहुँचने के लिए हार्दिक अभिनंदन एवं धन्यवाद किया। सम्भवतः विश्वविद्यालय परिसर से बाहर कुलपति का किसी भी कॉलेज में प्रथम आगमन था, इस उपलक्ष्य में उन्होंने मुख्य यजमान के रूप में आहूति डाली। आचार्य संदीप द्वारा हवन में आहुति डलवाई गई। आचार्य के साथ यज्ञशाला के 18 वेदपाठी भी इस हवन में सम्मिलित हुए और मंत्रोच्चारण से कॉलेज का वातावरण और भी पवित्र कर दिया। कॉलेज प्रबंधक समिति ने डी.सी.एच. करनाल से आई टीम का भी हार्दिक अभिनंदन एव धन्यवाद किया। डा. संजय वर्मा, डॉ. सुमीत और डी.सी.एच. करनाल से आई टीम ने रक्तदाताओं का परीक्षण कर उनका रक्त एकत्रित किया। मुख्यातिथि प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने रक्तदाताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी की जिन्दगी को बचाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। रक्तदान रूपी महायज्ञ में जो भी विद्यार्थी या समाजसेवी अपनी रक्तरूपी आहूति देकर आज इस नेक काम को कर रहे हैं, वे सब बधाई के पात्र है। भलाई व परोपकार का भाव रखने वाला व्यक्ति हमेशा सम्माननीय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि आज का युग टैक्नोलॉजी का युग है। इसलिए सभी विद्यार्थी टैक्नोलॉजी से अच्छी तरह परिचित हो और आत्मनिर्भर बनने पर बल दिया। शिक्षा के बिना इस संसार में कुछ भी नहीं है इसलिए एकाग्रता और दृढ़ निश्चय से पढ़ाई करो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करो। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को ज्ञान,कौशल और आचरण तीन मंत्र बताएं जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए लाभदायी होंगे। उन्होंने कॉलेज के संस्थापक प्रधान श्री ओम प्रकाश गर्ग और उनके सहयोगियों को नमन करते हुए कहा कि उस समय उनके द्वारा लगाया गया यह पौधा आज विशाल वृक्ष के रूप में दिखाई दे रहा है जो फल और छाया देकर सभी को लाभान्वित कर रहा है। पवन गर्ग के नेतृत्व में न केवल यह कॉलेज बल्कि संजय गाँधी मैमोरियल पब्लिक स्कूल लाडवा, संजय गांधी ओमप्रकाश गर्ग मैमोरियल पब्लिक स्कूल बाबैन भी शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान दे रहे है। जिस के लिए वे बधाई के पात्र हैं। महाविद्यालय प्रबंधकसमिति के प्रधान पवन गर्ग ने बताया कि यह महाविद्यालय उनके पिता स्व. श्री ओम प्रकाश गर्ग की दूरगामी सोच एवं अथक परिश्रम के कारण बन पाया। उन्होंने कहा कि यहां प्रत्येक जाति तथा धर्म के विद्यार्थी बिना किसी भेदभाव के प्रवेश पाते हैं। कॉलेज का उद्देश्य सामान्य विद्यार्थी के राष्ट्रीय चरित्र का विकास करना तथा उसे देश और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध करवाना है। उन्होंने बताया कि कॉलेज की स्थापना के बाद स्व.ओम प्रकाश गर्ग ने लाडवा में अंग्रेजी माध्यम वाले संजय गाँधी मैमोरियल पब्लिक स्कूल की स्थापना भी करवाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। कॉलेज परिसर में हवन के पश्चात् भण्डारा का आयोजन भी किया गया। कालेज प्रधान, प्रबंधक समिति के सदस्यों एवं प्राचार्य ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्यातिथि द्वारा डाक्टर्स टीम व रक्तदाताओं और प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान विषय पर आधारित पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में रीया शर्मा, प्रिया और अम्मीत व रोजी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। नैंसी को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर प्रबंधकसमिति के सदस्य वेद प्रकाश सिंघल, स. मनदीप सिंह तूर, स. जितेन्द्र सिंह गिल, रविन्द्र बंसल, एडवोकेट विरेन्द्र गर्ग, हरीन्द्र सिंघल, रोहित कुमार, रंजना गोयल सहित रेखा गर्ग, बीना अग्रवाल, कांता, वीना बंसल, मीना, निर्मला गर्ग, ऊषा गोयल, शशी गर्ग, श्वेता गर्ग, शोभा गर्ग, डॉ. ऋषी पाल चैहन, डॉ. कामदेव झा, डॉ. ऋषी पाल, डॉ. धमेन्द्र खेड़ा, डॉ. सविता सूदन, डॉ. मोहन दास अग्रवाल, बाबू राम सरपंच, प्रीत पाल पूर्व सरपंच, तेजपाल पूर्व सरपंच, तरसेम सिंह, प्रो. रोशन लाल गोयल, जयपाल पांचाल, रामपाल सैनी, शमशेर सिंह, प्रवीण सिंघला, महाबीर शर्मा, सतपाल शर्मा, योगराज, कुरुक्षेत्र बार एसोसिएशन के प्रधान गुरतेज सिंह सेखों, रामस्वरूप नम्बरदार, रामचंद, सुरजीत, राजपाल, एडवोकेट योगराज, बालकिशन, बलींद्र सिंह आदि मौजूद रहे।






लाडवा: इंदिरा गांधी नेशनल कालेज लाडवा के स्थापना दिवस समारोह पर हवन मे आहूति डालते कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा, प्रधान पवन गर्ग तथा रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते मुखयातिथि। (छाया : चट्ठा)